क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा .शै .अनु .प्र .प.), भुवनेश्वर

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा .शै .अनु .प्र .प.), भुवनेश्वर में दि. 22.06.2020 को पूर्वाह्न 11.30 बजे आयोजित की गयी ' राजभाषा कार्यान्वयन समिति ' की बैठक का कार्यवृत्त । इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :

1. प्रो.प्रकाश चंद्र अग्रवाल , प्राचार्य एवम् अध्यक्ष
2. प्रो. अनूप कुमार , समन्वयक सदस्य और अधिष्ठाता (शिक्षण)
3. प्रो बी.एन.पंडा ,प्रभारी , अध्यक्ष , शि.विभाग
4. प्रो. शरत कुमार दाश , प्रभारी , अध्यक्ष ,वि. ग.शि.विभाग
5. प्रो. लक्ष्मीधर बेहेरा ,प्रभारी , सरोजिनी छात्रावास (अतिथि गृह)
6. डॉ. रश्मि रेखा सेठी , वार्डन , रामानुजन छात्रावास
7. डॉ. एलेजाबेथ गंगमई , वार्डन , आशुतोष छात्रावास
8. डॉ. पुष्पलता नेगी , उप पुस्तकालयाध्यक्ष
9. श्री अखिलेश्वर मिश्र , प्रधानाध्यापक , प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय
10. श्री पंकज कुमार मिश्र , स्नातकोत्तर हिन्दी अध्यापक
11. श्रीपुष्कर बेहेरा , प्रभारी, प्रशासनिक अधिकारी
12. श्री प्रदीप कुमार राय , अनुभाग अधिकारी (स्था.)
13. श्री सुशांत कुमार राउत , प्रभारी , अनुभाग अधिकारी , (परि.एवं कल्याण)
14. श्री प्रदीप कुमार बेहेरा, भण्डार अधिकारी
15. श्री जितेन्द्र सतपथी , प्रवर श्रेणी लिपिक

बैठक के आरंभ में प्रो. अनूप कुमार ने समागत सदस्यों का स्वागत किया । उन्होंने सदस्यों को सूचित किया कि पिछली बैठक(18-03 2020) का कार्यवृत्त सभी सदस्यों को भेजा जा चुका है । सितम्बर के महीने में आयोजित 'हिन्दी पखवाड़ा समारोह' का प्रतिवेदन समवेत **2019** रूप में तैयार हो गया है और इसकी हार्ड और साफ्ट कॉपी संबंधित अधिकारियों / विभागों को भेजी जा रही है Iजिन विद्यार्थियों की कविताएं छपी हैं , उनको साफ्ट कॉपी भेजी जाएगी । पिछली बैठकों के प्रस्ताव के अनुरूप

(कृ.प .उ.

No. 121
16/07/20

संस्थान के विभागों के साइनबोर्ड त्रिभाषी बन गए हैं और 'डिस्प्ले टीवी' में महापुरुषों के विचारों और कर्मचारियों के जन्मदिन को प्रदर्शित किया जा रहा है ।इस पर हिन्दी में विचार-प्रदर्शित किए जाने अपेक्षित हैं और कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के सन्दर्भ को भी प्रदर्शित किया जा सकता है । साथ ही , परिसर में मार्गदर्शक संकेत –चिह्न , संस्थान के गेट सं. 1 और 3 में और प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय के सामने बैनर लगाने हेतु स्टील फ्रेम लगाने का कार्य अभी किया जाना है । सदस्यों द्वारा यह सुझाव दिया गया कि संस्थान के सामने भी बैनर लगाने हेतु स्टील फ्रेम लगाया जाए ।परिसर एवं कल्याण अनुभाग के अधिकारी ने सूचित किया कि मार्गदर्शक संकेत चिह्न बनाने का कार्य 'सीपीडब्लूडी' विभाग को दिया गया है और फ्लेक्सिबल स्टील फ्रेम लगाने का कार्य शीघ्र किया जाएगा ।

प्राचार्य महोदय ने कहा कि सभी विभागों /अनुभागों के अध्यक्षों / अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना है उनके कार्यालय में जितने दस्तावेज़ हैं ,उन सभी को एक महीने में द्विभाषी कर दिया जाए जिससे राजभाषा हिन्दी के सन्दर्भ में काम करने के जो लक्ष्य निर्धारित किये गए हैं ,उन्हें प्राप्त किया जा सके । सभी कागज़ात द्विभाषी हों । 'विस्तार शिक्षा विभाग' से होने वाले समस्त पत्राचारों को द्विभाषी किया जाए । प्रशासनिक अधिकारी, वि.शि. विभाग के 'सहायक कार्यक्रम समन्वयक' से बात करके कार्यालय में व्यवहार में आने वाले सभी कागज़ात द्विभाषी करवाएं।इसके अतिरिक्त 'लेखा अनुभाग' से भेजे जाने वाले सभी पत्र द्विभाषी रूप में भेजे जाएं । संस्थान में हिन्दी संबंधी कार्य राजभाषा विभाग के निर्देशों के अनुरूप कितनी प्रगति कर रहा है , इसका आकलन करने के लिए पिछली बैठक में एक समिति बनाने का प्रस्ताव हुआ था । इसके अनुरूप प्राचार्य महोदय ने एक समिति गठित की जिसमें निम्नलिखित सदस्य शामिल किए गए :

1.प्रो. अनूप कुमार - अध्यक्ष
2.डॉ. पुष्पलता नेगी - पुस्तकालयाध्यक्ष
3.श्री आलोक गुप्ता - सहायक प्रधानाध्यापक
4.प्रशासनिक अधिकारी - समन्वयक
5. लेखा अधिकारी
6. अनुभाग अधिकारी (स्थापना / परिसर एवं कल्याण अनुभाग)
7. सभी सहायक कार्यक्रम समन्वयक (विस्तार शिक्षा विभाग / शैक्षणिक अनुभाग)
8. श्री फकीर मोहन सोरेन , प्रवर श्रेणी लिपिक

बैठक में यह तय हुआ कि ' हिन्दी पखवाड़ा समारोह' 2020 का संयोजन श्री पंकज कुमार मिश्र करेंगे और इस क्रम में वे 'समवेत' 2020 का संपादन भी करेंगे । अंत में , श्री जितेन्द्र सतपथी , अवर श्रेणी लिपिक ने सभी सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया ।

(हस्ताक्षर)
प्राचार्य